भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 3836**
**11 अगस्त, 2026 को उत्तर के लिए**

## भिलाई इस्पात संयंत्र का आधुनिकीकरण और क्षमता विस्तार

3836**. श्रीमती रूपकुमारी चौधरीः**

क्या **इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का राष्ट्रीय इस्पात नीति के तहत भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) के आधुनिकीकरण और उत्पादन क्षमता के विस्तार का कोई प्रस्ताव है;

(ब) यदि हां, तो अनुमानित निवेश, कार्यान्वयन की समय-सीमा और उत्पादन क्षमता में अपेक्षित वृद्धि महित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) बीएसपी में मूल्य संवर्धित (वैल्यू-एडेड) इस्पात के उत्पादन को बढ़ाने और परिचालन दक्षता में सुधार करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(घ) प्रस्तावित विस्तार का छत्तीसगढ़ में रोजगार सृजन और औद्योगिक विकास पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

**उत्तर**

**इस्पात राज्य मंत्री (श्री भूपतिराजु श्रीनिवास वर्मा)**

(क) से (घ): इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है। उत्पादन क्षमता के आधुनिकीकरण और विस्तार के संबंध में निर्णय संबंधित इस्पात कंपनी द्वारा प्रौद्यो-वाणिज्यिक विचारों, वाणिज्यिक व्यवहार्यता, बाजार की मांग और संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर लिए जाते हैं।

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) की क्रूड स्टील क्षमता को 6.8 एमटीपीए से बढ़ाकर 10.2 एमटीपीए करने को मंजूरी दे दी है।

मूल्यवर्धित इस्पात के उत्पादन को बढ़ाने और प्रचालन दक्षता में सुधार करने हेतु, भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) ने विभिन्न उपाय किए हैं, जिनमें प्रौद्योगिकी उन्नयन, उत्पादन सुविधाओं का आधुनिकीकरण, डिजिटलीकरण, प्रक्रिया अनुकूलन, ऊर्जा दक्षता उपाय और रणनीतिक क्षेत्रों के लिए मूल्यवर्धित इस्पात के उत्पादन पर अधिक ध्यान केंद्रित करना शामिल है।

*****